कांग्रेस ने भी साधा निशाना

धान खरीद में हो रहा है घोटाला

चंडीगढ़, 18 अक्टूबर (ट्रिन्यू)

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा के किसानों से मंडियों में धान 1300 रुपये से 1400 रुपये प्रति क्विंटल खरीदी जा रही है, लेकिन उन्हें फार्म-जे 1450 रुपये प्रति क्विंटल का दिया जा रहा है। इससे जहां किसानों को 150 रुपये प्रति क्विंटल कम दिया जा रहा है, वहीं करोड़ों रुपये का घोटाला हो रहा है।

इस करोड़ों घोटाले के लिए हरियाणा सरकार जिम्मेवार है। रणदीप ने कहा कि सरकार इस घोटाले के बारे में जानती है, लेकिन कर कुछ नहीं रही। यहां जारी बयान में रणदीप ने कहा कि मुख्यमंत्री को करनाल की मंडी में किसानों ने यह सच्चाई बताई, लेकिन उन्होने लीपापोती कर दी और जांच के आदेश दिए बिना ही चले आये। सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में धान की 1121 और 1509 किस्मों को बासमती धान घोषित करवाया गया था। कांग्रेस शासनकाल में धान की 1121 और 1509 किस्में 4500 रुपये प्रति क्विंटल बिकी थी। इस साल 1200-1300 रुपये प्रति क्विंटल बिक रही है।